प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान

संकट ने घेरा है तुझे आज तेरा राम पुकारे रे,
आजा मेरे हनुमान भाई की मूरछा को तोड़ के,
प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

पापी ने धोखे से शक्ति को दे मारा,
मूर्छित पड़ा देखो कैसे ये बेचारा,
मेरी लाज तू आकर बचा तेरा राम पुकारे रै,
प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

माता को जाकर के मैं क्या बताऊंगा,
दुनियां को अब कैसे मुखड़ा दिखाउंगा,
अब आँख में आंसू लिए तेरा राम पुकारे रै,
प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

सूरज के उगने से पहले चले आना,
वरना मुझे भी तू जिन्दा नहीं पाना,
भाई का गम कैसे सहुँ तेरा राम पुकारे रै,
प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

तेरे राम को जब भी दुखड़ों ने घेरा है,
आकर के तूने ही गम से उबारा है,
अब भक्त क्यूँ देरी करे तेरा राम पुकारे रै,
प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

संकट ने घेरा है तुझे आज तेरा राम पुकारे रे,
आजा मेरे हनुमान भाई की मूरछा को तोड़ के,
प्राण बचा ले रे प्राण बचा ले रे आजा मेरे हनुमान....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/29226/title/praan-bacha-le-re-aaja-mere-hanuman

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |